- धान प्रसंस्करण अनुसंधान केंद्र, तंजावुर का राष्ट्रीय फसल प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उन्नयन ।
- सड़क-गली किनारे बिकने वाली खाद्य वस्तुओं की सुरक्षा और गुणवत्ता का उन्नयन और पहचाने गए शहरों में फूड स्ट्रीट की स्थापना करना ।
- राष्ट्रीय मांस बोर्ड की स्थापना करना ।
- वाइन क्षेत्र का विकास वाइन बोर्ड की स्थापना ।

4.5 प्रस्तावित स्कीमों की प्रमुख विशेषताएं

10वीं योजना स्कीमों की समीक्षा के आधार पर, सभी वर्तमान स्कीमों को संशोधन सहित अथवा रहित 11वीं योजना के तहत चलाने का प्रस्ताव है । वैसे कुछ स्कीमों के तहत, कतिपय संघटकों को निम्नलिखित अनुसार परस्पर मिलाने या बंद करने का प्रस्ताव हैः-

4.3. The revised total outlay for the Annual Plan 2005-06 was Rs. 136.00 crores and outlay for Annual Plan 2006-07 is Rs.150.00 crore. Actual expenditure during 2005-06 was Rs. 119.65 crore. The plan expenditure in 2006-07 till 31st December 2006 is Rs. 120.22 crores.

Details of financial assistance extended under the major schemes during 2002-03, 2003-04, 2004-05 2005-06, and 2006-07 (up to 31st December, 2006) are given at Annexure-II, III, IV ,V & VI respectively.

4.4 11TH PLAN PROPOSALS:

The Ministry has also submitted its proposals for the 11th Plan to the Planning Commission. In the proposed 11th Plan proposals, many of the schemes under Tenth Five Year Plan are to be continued during the Eleventh Five Year Plan, but are to be restructured with appropriate management/implementation arrangements in Public Private Partnership mode, with strong Project Implementation capabilities. The new integrated approach not only addresses issue of financial assistance but also issues such as skill development, entrepreneurship, Institutional Development, providing a policy environment which stimulates growth.

4.4.1 Core elements of the proposed strategy are:

- Better project selection, development and implementation
- Decentralized cluster based development, particularly for creation of infrastructure and fostering linkages to retail outlets.
- Industry led capacity building and upgradation of standards
- An integrated food law and science based food standards.
- Strategic intervention with redesigned schemes and efficient implementation arrangements.
- Importantly, the Ministry has to be strengthened appropriately, to meet the challenges in implementing various new initiatives proposed for energizing the food processing sector in the country.

The priority areas identified for intervention therefore are:

- Infrastructure development
- The food park scheme is proposed to be modified into a scheme for a Mega Food Park
- Modernization of Abattoirs.
- Cold Chain, Value Addition and Preservation infrastructure (Cold storages, Reefer vans etc.)
- Irradiation Centres
- Research and development – Products, Technology, Quality and Skills
- Capacity Building – Human Resource Development, Research & Development, Quality, Safety, Related Infrastructure
- Establishment of NIFTEM
- Upgradation of PPRC, Thanjavur into a National Crop Processing Center
- Upgrading safety and quality of street food and establishing food streets in identified cities
- Setting up of National Meat Board.
- Wine Sector Development- Establishment of Wine Board

4.5. SALIENT FEATURES OF PROPOSED SCHEMES

Based on the review of Tenth Plan schemes, it is proposed that all existing schemes be continued under the Eleventh Plan with or without modifications. However, certain components under some of the schemes are proposed to be merged or discontinued as follows:

- The components of Packaging Centre, Cold Chain Facilities, Value Added Centres and Irradiation Facilities under the Scheme of Infrastructure Development may be merged into a single component.
- The component of Bar Coding under scheme for Quality Assurance, Codex Standards and R&D not to be continued under the Eleventh Five Year Plan
- The component of Strengthening of Codex Cell under Scheme for Quality Assurance, Codex Standards and R&D to be merged with the scheme for Setting up/ Upgradation of Quality Control/ Food Testing Laboratory
- Scheme for Backward and Forward Integration not to be continued under the Eleventh Five Year Plan

A new scheme for upgrading the safety and quality of street foods is proposed under the Eleventh Plan. It will have two components of 'Safe Food Towns' and 'Food Corner/ Food Court'.

- बुनियादी सुविधा विकास स्कीम के तहत पैकेजिंग केंद्र, शीत श्रृंखला सुविधाओं, मूल्यवर्धित केंद्रों और पैकेजिंग सुविधाओं के संघटकों को एकल संघटक के तहत लाने का प्रस्ताव है ।
- गुणवत्ता आश्वासन, कोडेक्स मानक और अनुसंधान तथा विकास संबधी स्कीम के अंतर्गत बार कोडिंग संघटक को 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत जारी नहीं रखने का प्रस्ताव है ।
- गुणवत्ता आश्वासन, कोडेक्स मानक और अनुसंधान तथा विकास संबधी स्कीम के अंतर्गत कोडेक्स सैल के सुदृढ़ीकरण संबंधी संघटक को गुणवत्ता नियंत्रण/खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला संबंधी स्कीम में मिलाने का प्रस्ताव है ।
- बैकवर्ड और फॉरवर्ड एकीकरण संबंधी स्कीम को 11वीं पंचवर्षीय योजना में नहीं चलाने का प्रस्ताव है ।

सड़क-गली किनारे बिकने वाली खाद्य वस्तुओं की सुरक्षा और गुणवत्ता उन्नयन संबंधी एक नई स्कीम 11वीं योजना के दौरान चलाने का प्रस्ताव है । इसके दो संघटक "सैफ फूड टॉऊन्स" और फूड कॉर्नर/फूड कोर्ट होंगे ।

4.6 वार्षिक योजना 2005-06 में विशेष संघटक योजना (एससीपी) और जनजातीय उप-योजना (टीएसपी)

i) मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही स्कीमों का लक्ष्य देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास हेतु सुविधाएं तथा प्रोत्साहन देना है । ये स्कीमें परियोजना-उन्मुखी हैं न कि राज्य या क्षेत्र अथवा समुदाय विशेष के लिए हैं । वैसे इन योजना स्कीमों में समेकित जनजाति विकास परियोजना क्षेत्रों समेत दुर्गम क्षेत्रों के लिए अधिक सहायता का उल्लेख है ।

ii) अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय के लोगों/महिलाओं को अधिकाधिक लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुछ योजना स्कीमों में विशेष उपबंध किए गए हैं -

- उन क्षेत्रों में सेमिनार/विचार-गोष्ठी आदि आयोजित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सहायता देना जहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का बाहुल्य है ।
- ठेका खेती की एक शर्त के अनुसार ठेके पर काम करने वाले किसानों (25) की न्यूनतम संख्या में से 20 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के होने चाहिए ।
- उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम(ईडीपी) के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित समुदायों के लोगों को वरीयता दी जाती है ।
- खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केंद्रों में चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षुओं का कतिपय प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का होना चाहिए ।

4.7 खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रौद्योगिकी उन्नयन/विस्तार/आधुनिकीकरण संबंधी योजना स्कीम का विकेंद्रीकरण

भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग रोजगार सृजन की संभावना, किसानों की आय बढ़ाने और निर्यात वृद्वि की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था में अलग स्थान रखता है । प्रसंस्करण क्षमता को बेहतर बनाने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही प्रौद्योगिकी उन्नयन/ विस्तार/आधुनिकीकरण/स्थापना संबंधी स्कीम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जरिए कार्यान्वित करके विकेंद्रीत करने का प्रस्ताव है ताकि देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को व्यापक और भरपूर स्थान मिले तथा मूल्यांकन / सहायता देने तथा निगरानी की प्रकिया का विकेंद्रीकरण हो।

4.8 पूर्वोत्तर में खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाएं -

सरकारी नीति के अनुसार योजना परिव्यय का न्यूनतम 10% सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जाना चाहिए । तदनुसार, यह मंत्रालय 9वीं योजना के दौरान अपनी 10% से अधिक योजना निधियों का उपयोग पूर्वोत्तर में परियोजनाओं के लिए कर रहा है ।

इसके अतिरिक्त, सिक्किम, जम्मू तथा कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों में समेकित बागवानी विकास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन 4 के अंतर्गत भी वित्तीय सहायता दी जाती है ।

4.6 SPECIAL COMPONENT PLAN (SCP) AND TRIBAL SUB PLAN (TSP) IN THE ANNUAL PLAN 2006-07.

i) The schemes operated by the Ministry of Food Processing Industries are aimed at providing facilities and incentives for promotion of food processing industries in the country. These schemes are project oriented and not State or area or community specific. However, these Plan schemes envisage enhanced scale of assistance for Difficult Areas including ITDP areas.

ii) In order to ensure greater benefits to the people belonging to SC/ST communities, the following special provisions have been included in some of the Plan Schemes:-

- ✓ Preferential treatment for providing assistance for holding seminars/ symposium etc., in areas where SC/ST population is predominant.
- ✓ One of the conditions of contract farming is that 20% of the minimum number of contracted farmers (25) should belong to SC/ST communities.
- ✓ Preference is given to people belonging to SC/ST communities for training under Entrepreneurial Development Programme (EDP).
- ✓ A certain percentage of trainees under Food Processing & Training Centre (FPTC) should be from SC/ST communities in such courses.

4.7 DECENTRALISATION OF PLAN SCHEME FOR TECHNOLOGY UPGRADATION/EXPANSION/ MODERNIZATION OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES:

The food processing industry in India occupies a unique position in the Indian economy in terms of its potential for employment generation, increasing the farmers' income and export growth. With a view to provide for improvement of processing capabilities the scheme for Technology upgradation/expansion/ modernization/ establishment being implemented by the Ministry of Food Processing Industries (MFPI) is proposed to be decentralized during the 11th Plan period by way of implementation through Banks and financial institutions to provide a thrust and wider coverage for food processing industries in the country and simultaneously decentralise the procedures for appraisal, grant of assistance and monitoring.

4.8 FOOD PROCESSING PROJECTS IN THE NORTH EAST:

As per the Government Policy, a minimum of 10% of the Plan outlay is to be utilized for the projects in the North Eastern States including Sikkim. Accordingly, the Ministry has been utilizing more than 10% of its Plan funds for the projects in the North East during the 9th Plan. In addition, financial assistance is also being extended under Mini Mission IV of the Technology Mission for integrated development of horticulture in the North Eastern States including Sikkim, J & K , Himachal Pradesh and Uttarakhand.

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बुनियादी ढांचा विकास

अध्याय - 5

5.1 अपर्याप्त बुनियादी सुविधा, देश में कृषि/खाद्य प्रसंस्करण की राह में प्रमुख अड़चन है। बुनियादी सुविधा विकास की पहचान, हस्तक्षेप के लिए एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में की गई है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बुनियादी सुविधा संबंधी दिक्कतों को संबोधित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बुनियादी सुविधा विकास संबंधी स्कीम कार्यान्वित की है जिसमें खाद्य से जुड़े विभिन्न बुनियादी सुविधा पहलुओं को संबोधित करने के लिए निम्नलिखित संगठक शामिल हैं -

- खाद्य पार्क
- समेकित शीत श्रृंखला सुविधा
- पैकेजिंग केंद्र
- मूल्यवर्धित केंद्र
- प्रदीपन सुविधाएँ
- आधुनिकीकृत बूचड़खाने

5.2 खाद्य पार्क

खाद्य पार्क संबंधी स्कीम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग खास तौर पर लघु और मझौले उद्यमियों के लिए सामान्य बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का उल्लेख है। इस स्कीम में परियोजना लागत का 25% तक अनुदान के रूप में दिया जाता है जिसकी अधिकतम सीमा 4 करोड़ रु. है। दुर्गम क्षेत्रों जिनमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल है, को बढ़े हुए स्तर की सहायता 33.33% की दर से दी जाती है। मंत्रालय ने अब तक 54 खाद्य पार्कों के लिए सहायता अनुमोदित की है।

5.3 समेकित शीत श्रृंखला सुविधा

इस स्कीम का उद्देश्य शीतागारों की व्यवहार्यता में सुधार करना और शीतागारों की क्षमता में बढ़ोतरी करना है। उक्त स्कीम के तहत, 8वीं योजना के तहत 2 खाद्य पार्कों 9वीं योजना के अंतर्गत 39 खाद्य पार्कों और 10वीं योजना के अंतर्गत 13 खाद्य पार्कों को सहायता दी गई है। इस स्कीम के तहत, जनवरी, 2006 तक 11768 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। सभी 54 खाद्य पार्कों (राज्य-वार) की सूची अनुलग्नक-VIII पर दी गई है। अब तक 22 खाद्य पार्कों ने काम करना शुरू कर दिया है। मंत्रालय निम्नलिखित प्रकार के शीतागारों को सहायता देता है:-

(क) गैर बागवानी उपज के जिए शीतागार

(ख) जहाँ शीतागार प्रसंस्करण यूनिट या खाद्य पार्क में सामान्य सुविधाओं का अभिन्न अंग है;

(ग) नियंत्रित वातावरण/परिष्कृत वातावरण सुविधा से युक्त विशेष प्रकार के शीतागार

शीत श्रृंखला सुविधाओं की स्थापना के लिए सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33.33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा 75.00 लाख रुपये है। 10वीं योजना अवधि के दौरान सहायता के लिए 18 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है जिनमें से 3 परियोजनाएँ वर्ष 2006-07 के दौरान अनुमोदित की गईं। इस संघटक के तहत वर्ष 2006-07 के दौरान 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। ब्यौरे (योजना-वार) अनुलग्नक-VIII में दिए गए हैं।

Chapter - 5

INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT IN FOOD PROCESSING SECTOR

5.1 The major factor standing in the way of agro/food processing in the country is inadequate Infrastructure. Infrastructure Development has been identified as a Thrust Area for intervention. In order to address the problem of infrastructural constraints in the food processing sector, the Ministry of Food Processing Industries has implemented the scheme for infrastructure development comprising the following components to address different aspects of food related infrastructure.:

- Food Parks
- Integrated Cold Chain Facility
- Packaging Centres
- Value Added Centres
- Irradiation Facilities
- Modernized Abattoir

5.2. FOOD PARKS:-

The Scheme of Food Parks has been envisaged to make available common infrastructure facilities for the Food Processing Industry especially SMEs. The scheme provides for a grant of up to 25% of the project cost subject to a maximum of Rs. 4 crores. Higher scale of assistance @33.33% is admissible for difficult areas including North Eastern States, J&K, Himachal Pradesh and Uttarakhand. The Ministry has so far approved 54 Food parks for assistance.

Under the scheme, 02 food parks were assisted under 8th Plan, 39 under 9th Plan Scheme and 13 under 10th Plan. An amount of Rs.117.68 crore has been released under the scheme upto January, 2006. A list of all 54 Food Parks (State wise) is at **Annexure VII .** 29 Food parks have become operational so far.

5.3 INTEGRATED COLD CHAIN FACILITY:

The scheme is intended to improve viability of cold storages and enhance cold storage capacity. The Ministry assists the following types of Cold Storages:

a) Cold Storage for Non Horticulture Produce;

b) Where Cold Storage is an integral part of processing unit or of the common facilities in food parks

c) Special types of Cold Storages with Controlled Atmosphere / Modified Atmosphere facility.

Assistance @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs.75.00 lakhs is provided for establishment of cold chain facilities. During 10th Plan 18 projects have been approved for assistance of which 3 projects have been approved during 2006-2007. An amount of Rs. 1.75 crore has been released under this component during 2006-2007. Details (Plan wise) are given in Annexure VIII

5.4. PACKAGING CENTRES:

The Scheme aims to provide facilities for packaging which may help in enhancement of shelf life of food products and make them internationally acceptable. Assistance @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs.2.00 crore is provided for establishment of packaging centre. Assistance is available to all implementing agencies. So far, assistance of Rs. 1.45 crore has been sanctioned to one packaging centre in Jammu & Kashmir

5.5 VALUE ADDED CENTRES:

The Scheme is intended to enhance value addition leading to enhanced shelf life, higher total realization and value addition at each level of handling and also to facilitate traceability.

Assistance @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs.75.00 lakhs is provided for establishment and modernization of value added centre. So far, 5 projects under this component have been sanctioned with a total approved assistance of Rs. 1.68 crore during 10th Plan. An assistance of Rs. 1.04 crore has been released.

5.4 पैकेजिंग केंद्र

इस स्कीम का उद्देश्य पैकेजिंग के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराना है जिनसे खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ने में मदद मिलेगी और वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य हो सकेंगे । पैकेजिंग केंद्र की स्थापना के लिए सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा 2 करोड़ रुपये है । सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को यह सहायता उपलब्ध है । अब तक जम्मू और कश्मीर में एक पैकेजिंग केंद्र को 1.45 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है ।

5.5 मूल्यवर्धित केंद्र

इस स्कीम का उद्देश्य मूल्यवर्धन को बढ़ावा देना है जिससे टिकाऊपन बढ़ेगा, कुल प्राप्ति पहले से अधिक होगी और हैंडलिंग के प्रत्येक स्तर पर मूल्यवर्धन होगा और साथ ही अनुमार्गणीयता सुकर होगी ।

मूल्यवर्धित केंद्र की स्थापना और आधुनिकीकरण के लिए सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33.33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा 75.00 लाख रुपये है । अब तक इस संघटक के तहत पांच मूल्यवर्धित केंद्र मंजूर किए गए हैं जिसके लिए 10वीं योजना के दौरान 1.68 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है । 104 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है ।

5.6 प्रदीपन सुविधाएँ

इस स्कीम का उद्देश्य मसाले और आटे में कीड़ा लगने, उत्पाद (जैसे कि आलू) में अंकुर फूटने और रासायनिक संघटक में होने वाले परिवर्तन को प्रदीपन तकनीकों द्वारा रोक कर खाद्य उत्पाद के टिकाऊपन को बढ़ाना है । प्रदीपन सुविधाओं की स्थापना के लिए सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33.33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा 5.00 करोड़ रुपये है । अब तक, पांच प्रदीपन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है जिसमें 9.27 करोड़ रुपये की राशि शामिल है । 7.81 करोड़ रुपये की सहायता जारी की गई है ।

5.7 आधुनिकीकृत बूचड़खाना

इस स्कीम का उद्देश्य वैज्ञानिक और स्वास्थ्यकर ढंग से पशु को काटना, पशु को बेहोश करना जिससे उसे कम से कम दर्द हो और बेहतर गौण उत्पाद उपयोग के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बेहतर श्रेणी के मांस की उपलब्धता सुनिश्चित करना है ।

बूचड़खानों के आधुनिकीकरण के लिए स्थानीय निकायों को सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33.33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा 4.00 करोड़ रुपये है । अब तक केवल एक मामला अर्थात एमसीडी, दिल्ली का अनुमोदित 4.00 करोड़ रुपये का अनुदान देने का किया गया है इसमें से 1 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है ।

5.6. IRRADIATION FACILITIES:

The Scheme aims at enhancing shelf life of the food product through irradiation techniques by preventing infestation like in flour, sprouting and change in chemical composition of the product (as in potato). Financial assistance @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs.5.00 crore is provided for establishment of irradiation facilities. So far 5 irradiation projects have been approved involving a total assistance of Rs. 9.27 crore. An assistance of Rs. 7.81 crore has been released.

5.7. MODERNIZED ABATTOIR:

The Scheme aims at scientific and hygienic slaughter, causing least pain to the cattle and ensuring better byproduct utilization as well as availability of better grade meat for the consumers.

Assistance @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs.4.00 crore is provided to local bodies for modernization of abattoirs. So far only one case i.e. of MCD Delhi has been approved for grant of Rs.4.00 crore out of which Rs. 1 crore has been released.

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग - खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना संबंधी स्कीम के अंतर्गत क्षेत्रवार झलक

अध्याय - 6

6.1 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्यान्न प्रसंस्करण, मांस प्रसंस्करण, पॉल्ट्री और अंडा प्रसंस्करण, दूध उत्पाद, मछली प्रसंस्करण,फल तथा सब्जी प्रसंस्करण, उपभोक्ता खाद्य उद्योग जैसे अनेक खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों का काम देखता है । नीतिगत और संवर्धनात्मक समर्थन उपलब्ध कराने के अलावा संभावित उद्यमकर्ताओं पर प्रदर्शनात्मक और प्रपाती प्रभाव उत्पन्न करने के लिए, सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/विस्तार/आधुनिकीकरण संबंधी स्कीम कार्यान्वित की है। इस स्कीम के अंतर्गत, सामान्य क्षेत्रों में परियोजना लागत के 25% की दर पर और दुर्गम क्षेत्रों में परियोजना लागत के 33.33% की दर पर सहायता दी जाती है जिसकी अधिकतम सीमा क्रमशः 50.00 लाख रुपये और 75.00 लाख रुपये है । क्षेत्र-वार ब्योरे इस प्रकार हैः-

6.2 फल तथा सब्जी प्रसंस्करण

फल तथा सब्जी प्रसंस्करण उद्योग की स्थापित लाइसेंस प्राप्त क्षमता जो 1.01.1993 को 11.08 लाख़ टन थी 01.01.2006 तक बढ़कर 21.18 लाख टन और 01.01.2007 तक बढ़कर 27.74 लाख टन हो गई है। अनुमान है कि कुल फल तथा सब्जी उत्पादन में से लगभग 2.20% का प्रसंस्करण किया जाता है ।

पिछले कुछ वर्षों में परोसने के लिए तैयार पेय, फल रस और गूदे, निर्जलीकृत और फ्रोजेन फल सब्जी उत्पादों,टमाटर उत्पादों, अचार, सुविधाजनक सब्जी मसाला पेस्टों, प्रसंस्कृत खुम्बी और रसेदार सब्जियों में सकारात्मक वृद्धि हुई है । सामान्यतः मूल प्रसंस्कृत खाद्य और विशेषतः ताजे फल और सब्जियों की तुलना में मूल्यवर्धित फल एवं सब्जी उत्पादों की घरेलू खपत भी कम हुई जिसका कारण पैकेजिंग सामग्री पर लगने वाले कर और शुल्क समेत कर और शुल्क का अधिक अधिभार, क्षमता का कम उपयोग, लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी का न अपनाया जाना, वित्त की अधिक लागत, बुनियादी सुविधा संबंधी दिक्कतें, किसानों और प्रसंस्करणकर्त्ताओं के बीच पर्याप्त लिंकेज न होने के कारण बिचौलियों पर निर्भरता है । घरेलू बाजार के अपर्याप्त विस्तार का एक और प्रमुख कारण यूनिटों का आकार बहुत छोटा होना और अपना बाजार बढ़ाने में उनकी असमर्थता भी है । फल एवं सब्जी प्रसंस्करण को नवीन प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने वर्ष 2004-05 में नई फल एवं सब्जी प्रसंस्करण यूनिटों को आयकर अधिनियम के अंतर्गत, पांच वर्षों के लिए 100% लाभ घटाने और अगले पाँच वर्षों के लिए 25% लाभ घटाने की अनुमति दी है ।

6.3 मांस और मांस प्रसंस्करण

मांस और मांस प्रसंस्करण क्षेत्र में मुर्गी मांस भारत में तेजी से वृद्धि कर रहा पशु-प्रोटीन है। इसका अनुमानित उत्पादन 1500 हजार टन है और यह वर्ष 1991 से 2005 के दौरान 13% सी.ए.जी.आर. पर बढ़ रहा है। इसकी प्रति व्यक्ति खपत वर्ष 2000 में 870 ग्राम से वर्ष 2005 में बढ़कर लगभग 1.68 कि.ग्रा. हो गई है। अनुमान है कि यह खपत वर्ष 2009 में बढ़कर 2 कि.ग्रा. हो जाएगी । भैंस मांस का उत्पादन अपेक्षाकृत कम तेजी से बढ़कर रहा है। पिछले 6 सालों में यह 5% सी.ए.जी.आर. पर बढ़ रहा है। अनुमान है कि इसका वर्तमान उत्पादन स्तर 1.9 मिलियन टन है जिसमें से लगभग 21% का निर्यात किया जाता है । बकरी और भेड मांस अपेक्षाकृत कम छोटे संघटक है जिनमें मांग आपूर्ति से ज्यादा है और इसके फलस्वरूप घरेलू बाजार में इनकी कीमतें ज्यादा हैं। इसका उत्पादन स्तर 950,000 मी.टन पर लगभग टिका हुआ है और इसमें से 10,000 मी.टन से कम का वार्षिक निर्यात किया जाता है। इससे बड़ी प्रसंस्करण कंपनियाँ इस क्षेत्र में अपने व्यापार हितों को बढ़ाने के लिए आगे नहीं आ रही है ।

भारतीय उपभोक्ता प्रसंस्कृत या प्रशीतित मांस के बजाय बाजार से ताजा कटा मांस खरीदना पसंद करता है । मुर्गी मांस उत्पादन (लगभग 100,000 मी.टन) के महज 6% की बिक्री प्रसंस्कृत रूप में की जाती है। इसमें से केवल 1% का ही प्रसंस्करण करके मूल्यवर्धित उत्पाद (खाने के लिए तैयार/पकाने के लिए तैयार) तैयार किए जाते हैं। बड़े पशुओं का प्रसंस्करण मुख्यतः निर्यात उद्देश्य से किया जाता है । भारत में कुल प्रसंस्करण क्षमता 1 मिलियन मी.टन सालाना से अधिक है जिसमें से 40-50% का उपयोग किया जाता है ।

भारत 500,000 मी.टन से अधिक मांस का निर्यात करता है जिसमें भैंस मांस का प्रमुख हिस्सा है। भारतीय भैंस मांस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी से मांग बढ़ रही है क्योंकि यह चर्बी रहित और लगभग नैसर्गिक स्वरूप का होता है ।

FOOD PROCESSING INDUSTRIES – SECTORAL OVERVIEW UNDER THE SCHEME FOR TECHNOLOGY UPGRADATION/ MODERNIZATION/ ESTABLISHMENT OF FPIs.

CHAPTER – 6

6.1 The Ministry of Food Processing Industries is concerned with a number of food processing sectors such as grain processing, meat processing, poultry & egg processing, milk products, fish processing, fruit & vegetable processing, consumer food industries. Besides providing policy and promotional support, in order to create demonstrative and cascading effect on potential entrepreneurs, Government has implemented the scheme for technology upgradation/establishment/ expansion/modernization of the food processing industries. Under the scheme assistance is provided @ 25% of the project cost in general areas and 33.33% in difficult areas subject to a maximum of Rs. 50.00 lakh and Rs. 75.00 lakh respectively. Sector wise details are as under:-

6.2 FRUITS AND VEGETABLE PROCESSING

The installed capacity of fruits and vegetables processing industry has increased form 11.08 lakh tons on 01.01.1993 to 21.18 lakh tones as on 01.01.2006 and 24.74 lakh tones as on 01.01.2007. The utilization of fruits and vegetables processing is estimated to be around 2.20% of the total production.

Over the last few years, there has been a positive growth in ready to serve beverages, fruit juices and pulps, dehydrated and frozen fruits and vegetable products, tomato products, pickles, convenience veg-spice pastes, processed mushrooms and curried vegetables. The domestic consumption of value added fruits and vegetable products is also low compared to the primary processed food in general and fresh fruits and vegetables in particular which is attributed to higher incidence of tax and duties including that on packaging material, lower capacity utilisation, non-adoption of cost effective technology, high cost of finance, infrastructural constraints, inadequate farmers-processors linkage leading to dependence upon intermediaries. The smallness of units and their inability for market promotion is also other main reasons for inadequate expansion of the domestic market. In order to give fresh impetus to processing of Fruit and Vegetables, Government in 2004-05 has allowed under I.T. Act, 100% deduction of profit for first five year and 25% deduction for another five years for new upcoming Fruits & Vegetables Processing units.

6.3 MEAT & MEAT PROCESSING:

In meat & meat processing sector, poultry meat is the fastest growing animal protein in India. The estimated production is 1500 thousand tones growing at CAGR of 13% through 1991-2005. Per capita consumption has grown from 870 grams in 2000 to about 1.68 kg in 2005. This is expected to grow to 2Kg in 2009. Buffalo meat production has been growing relatively less rapidly at a CAGR of 5% in the last 6 years. The current production levels are estimated at 1.9 million MT. Of this about 21% is exported. Mutton and lamb is relatively small segment where demand is outstripping supply, which explains the high prices in domestic market. The production levels have been almost constant at 950,000 MT with annual exports of less than 10,000 MT. This has restricted large processing companies from developing business interests in this sector.

Indian consumer prefers to buy freshly cut meat from the wet market, rather than processed or frozen meat. A mere 6% of production (about 100,000 MT) of poultry meat is sold in processed form. Of this, only about 1% undergoes processing into value added products (Ready-to-eat/ Ready-to-cook). Processing of large animals is largely for the purpose of Exports. The Total processing capacity in India is over 1 million MT per annum, of which 40-50% is utilized.

India exports More than 500,000 MT of meat of which major share is buffalo meat. Indian buffalo meat is witnessing strong demand in international markets due to its lean character and near organic nature.

मांस उत्पादों की मात्रा और मूल्य के संदर्भ में निर्यात के ब्योरे नीचे दिए गए हैं

(मात्रा मीट्रिक टन में और मूल्य करोड़ रुपये में)

मांस उत्पाद	2001-02		2002-03		2003-04		2004-05	
	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा	मात्रा
भैंस मांस	243355.58	1144.42	297897.26	1305.45	343817.08	1536.77	306970.81	1615.59
भेड़/बकरी मांस	3915.06	33.07	4973.55	39.95	16820.53	110.39	8885.28	79.36
मुर्गी मांस उत्पाद	19876.02	130.07	26450.01	156.47	415228.17	202.40	264607.54	154.11
पशु खोल	464.28	9.63	8296.17	140.27	732.84	12.43	552.33	12.57
प्रसंस्कृत मांस	267.13	1.29	669.48	4.8	986.13	7.63	107.45	1.57

भारत विश्व में गो मांस का 5वाँ सबसे बड़ा निर्यातक है । भारतीय भैंस मांस निर्यात में महत्वपूर्ण वृद्धि की संभावनाएँ हैं । मांस के जरिए इन्सानों को होने वाले रोगों की वजह से स्वास्थ्य को होने वाले खतरों के कारण मांस उपभोक्ता मांस की पौष्टिकता के प्रति अधिक सतर्क हो गए हें और साफ तथा स्वच्छकर परिस्थितियों में प्रसंस्कृत मांस और मुर्गी उत्पादों की मांग कर रहे हैं । महानगरों और शहरी इलाकों में अर्ध-पकाई, खाने के लिए तैयार, पकाने के लिए तैयार मांस खाद्य उत्पादों जैसे "सुविधाजनक वस्तुओं की मांग बढ़ रही है ।

मांस उत्पाद प्रसंस्करण के लिए लाइसेंस मांस खाद्य उत्पाद आदेश (एमएफपीओ), 1973 के अंतर्गत दिया जाता है जिसे दिनांक 19.3.04 से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है । मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 के मुख्य उद्देश्य निर्माताओं को दिए जाने वाले लाइसेंसों के जरिए मांस खाद्य उत्पादों के उत्पादन और बिक्री को विनियमित करना, स्वास्थ्यकर मांस खाद्य उत्पाद के उत्पादन के लिए निर्धारित स्वच्छकर और स्वास्थ्यकर स्थितियों को लागू करना, मांस खाद्य उत्पादों चिल्ड पाल्ट्री समेत मछली उत्पाद के उत्पादन के सभी चरणों में कड़ा गुणवत्ता नियंत्रण रखना आदि ।

घरेलू के साथ-साथ निर्यात बाजार के लिए मांस एवं मांस खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण हेतु आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय सहायता-अनुदान के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रहा है । वर्ष 2006-07 के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने मांस एवं मांस खाद्य उत्पादों के निर्माण हेतु 7 परियोजनाओं को सहायता दी है ।

6.4 डेरी प्रसंस्करण

बड़े गर्व की बात है कि कि भारत वर्ष 1988 से अब तक विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाला देश है । भारत पर दुग्ध क्रांति कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के कारण प्रथम स्थान बना हुआ है । विश्व दूध उत्पादन 613 मिलियन टन है और 1.1% सीएजीआर पर बढ़ रहा है । भारत का स्थान विश्व में दूध उत्पादन करने वाले देशों में प्रथम है । भारतीय उत्पादन 91 मिलियन टन है जोकि 4% सीएजीआर पर बढ़ रहा है । 7.5 मिलियन टन विश्व संवर्धनात्मक उत्पादन में भारत का अंशदान 4 मिलियन टन है । पहले के अधिक के वृद्धि दर के बावजूद भारत में प्रतिव्यक्ति दूध की उपलब्धता (प्रतिदिन 229 ग्राम) विश्व औसत (प्रतिदिन 285 ग्राम) से कम है । अब भारत में कुल दूध उत्पादन में भैंस दूध का अंशदान अनुमानतः 57% है ।

भारत में दूध के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन उपभोग का स्वरूप एकदम अलग है जिसकी तुलना किसी बड़े मिल्क उत्पादक देश से नहीं की जा सकती है । देश में लगभग 70 मिलियन ग्रामीण घर (मूलतः छोटे और सीमांत किसान तथा भूमिहीन मजदूर) दूध उत्पादन के काम से जुडे हुए हैं । 11 मिलियन से अधिक किसान लगभग 0.1 मिलियन ग्राम डेरी सहकारी समितियों के तहत संगठित हैं (प्रति समिति लगभग 110 किसान) । देश भर में इन समितियों द्वारा प्रतिदिन लगभग 18 मिलियन लीटर दूध संबंधी कार्य किया जाता है । ये समितियाँ एक राष्ट्रीय, मिल्क ग्रिड का हिस्सा है जो देश भर में दूध उत्पादकों को 700 से अधिक शहर और कस्बों के उपभोक्ताओं से जोड़ती है और मौसम तथा क्षेत्रीय विभिन्नताओं के कारण दूध की उपलब्धता में अंतर को कम करती है ।

भारत में दूध उत्पादन की वार्षिक वृद्धि दर 4 से 6% के बीच है । यह मूलतः दूध क्रांति कार्यक्रमों द्वारा दूध उत्पादकों को सहकारी समितियों के रूप में संगठित करने के लिए की गई पहल दूध की खरीद, प्रसंस्करण और विपणन के लिए बुनियादी सुविधा तैयार करने, और डेयरी क्षेत्र को व्यवहार्य स्वयं धारणीय संगठित क्षेत्र बनाने के लिए कृषि मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्करण

Details of exports in terms of quantity and value of Meat products are given as under.

Qty.in MTs & Value in Rs. Crores

Meat product	2001-02		2002-03		2003-04		2004-05	
	Qty.	Value	Qty.	Value	Qty.	Value	Qty.	Value
Buffalo meat	243355.58	1144.42	297897.26	1305.45	343817.08	1536.77	306970.81	1615.59
Sheep/ Goat meat	3915.06	33.07	4973.55	39.95	16820.53	110.39	8885.28	79.36
Poultry Products	19876.02	130.07	26450.01	156.47	415228.17	202.40	264607.54	154.11
Animal casings	464.28	9.63	8296.17	140.27	732.84	12.43	552.33	12.57
Processed Meat	267.13	1.29	669.48	4.8	986.13	7.63	107.45	1.57

India is the 5th largest exporter of bovine meat in the world. Indian buffalo meat exports have the potential to grow significantly. Due to emerging health threats of the diseases communicable to human through meat, the meat consumers are more vigilant towards the wholesomeness of the meat and demanding meat and poultry products processed in clean and sanitary environment. In metros and urban areas there are upcoming demands for "convenience items" such as semi cooked, ready-to-eat, ready-to-cook meat food products.

Processing of meat products is licensed under Meat Food Products Order,(MFPO) 1973 which is being implemented by Ministry of food Processing industries w.e.f. 14.05.2004. The main objectives of the MFPO, 1973 are to regulate production and sale of meat food products through licensing of manufacturers, enforce sanitary and hygienic conditions prescribed for production of wholesome meat food products, exercise strict quality control at all stages of production of meat food products, fish products including chilled poultry etc.

To develop necessary infrastructure for processing of meat & meat food products for domestic market as well as for Export market , Ministry of food Processing Industries is providing financial assistance by way of grant-in-aid. During the Year 2006-07 MFPI assisted 7 projects for manufacture of Meat and Meat food products.

6.4 DAIRY PROCESSING

It is a matter of pride that India is the number one milk producing country in the world, maintaining the top position since 1988, thanks to successful implementation of the operation flood programmes. World milk production is estimated at 613 million tones growing at a CAGR of 1.1%. India ranks first in the world in terms of milk production. Indian production stands at 91million tones growing at a CAGR of 4%. Hence, India contributes 4 million tones to the world's incremental production of 7.5 million tonnes. Despite a higher growth rate, the per capita availability of milk in India (229 grams per day) is lower than the world average (285grams per day).Buffalo milk is now estimated to account for 57% of the total milk production in India.

India has a unique pattern of production, processing and marketing/consumption of milk, which is not comparable with any large milk producing country. Approximately 70 million rural households (primarily, small and marginal farmers and landless labourers) in the country are engaged in milk production. 0ver 11 million farmer are organized into about 0.1 million village Dairy Cooperative Societies (DCS)(about 110 farmers per DCS). The cumulative milk handled by DCS across the country is about 18 million kg of milk per day. These cooperatives form part of a national milk grid which links the milk producers through out India with consumers in more than 700 towns and cities bridging the gaps on account of seasonal and regional variations in the availability of milk.

In India current annual growth rate in Milk production is pegged between 4 to 6%. This is primarily due to the initiatives taken by the Operation flood programmes in the organizing milk producers into cooperatives; building infrastructure for milk procurement, processing and marketing; and providing financial, technical and management inputs by the Ministry of Agriculture & Ministry of Food processing Industries to turn the Dairy sector into viable self-sustaining organized sector. About 35% of milk produced in India is processed. The organized sector (large scale dairy plants) processes

उद्योग मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए वित्तीय, तकनीकी और प्रबंधन आदानों के कारण हो पाया है । भारत मे उत्पादित लगभग 35% दूध का प्रसंस्करण किया जाता है । संगठित क्षेत्र (बड़े डेयरी संयंत्र) सालाना लगभग 13 मिलियन टन का प्रसंस्करण करते हैं जबकि असंगठित क्षेत्र (हलवाई और विक्रेता) सालाना 22 मिलियन टन का प्रसंस्करण करते हैं । संगठित क्षेत्र में भारत सरकार और राज्य सरकारों के पास पंजीकृत सहकारी, निजी तथा सरकारी क्षेत्र में लगभग 676 डेयरी संयंत्र हैं ।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय संगठित डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा दे रहा है ताकि प्रसंस्कृत डेयरी उत्पादों की उभरती मांग पूरी की जा सके और भावी उत्पाद विकास तथा गुणवत्ता उन्नयन के लिए अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों की पहचान करने में मदद कर रहा है ताकि डेयरी प्रसंस्करण यूनिटों को वित्तीय सहायता देकर भारतीय डेयरी निर्यात का स्वरूप बदला जा सके । वर्ष 2006-07 (दिसम्बर तक) के दौरान मंत्रालय की योजना स्कीमों के तहत 32 यूनिटों को वित्तीय सहायता (591 लाख रुपये) स्वीकृत की गई है ।

6.5 मछली प्रसंस्करण

8000 कि.मी. से अधिक लम्बे तट, 50600 वर्ग किलोमीटर लंबी कॉन्टिनेंटल शेल्फ क्षेत्र और 2.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर अनन्य आर्थिक क्षेत्र वाले भारत के पास प्रचुर मात्स्यिकी संसाधन हैं । गत पांच वर्षों के दौरान मछली उत्पादन (समुद्री तथा अंतर्देशीय दोनों) का ब्योरा निम्नलिखित हैः-

(आंकड़े मिलियन टन में)

वर्ष	समुद्री	अंतर्देशीय	कुल
2000-01	2.81	2.84	5.65
2001-02	2.83	3.12	5.95
2002-03	2.99	3.21	6.20
2003-04	2.94	3.45	6.39
2004-05	3.01	3.50	6.51



about 13 million tones annually, while the unorganized sector (halwaiis and vendors) processes about 22 million tones per annum. In the organized sector, there are 676 dairy plants in the Cooperative, Private and Government sectors registered with the Government of India and the state Governments.

The Ministry of food Processing Industries is promoting organized Dairy processing sector to accomplish upcoming demands of processed dairy products and helping to identify various areas of research for future product development and quality improvement to revamp the Indian dairy export by way of providing financial assistance to the dairy processing units. 32 Units have been sanctioned financial assistance (Rs.591 lakhs) under the plan scheme of the Ministry during the year 2006-07 (Upto December 2006).

6.5 FISH PROCESSING

With its long coast line of over 8000 kms., 50600 sq, kms. of continental shelf area and 2.2 million sq. km. of Exclusive Economic Zone, India is endowed with rich fishery resources. Fish production (both marine and inland) during last five years are given below:

(Figure in Million tons)

Year	Marine	Inland	Total
2000-01	2.81	2.84	5.65
2001-02	2.83	3.12	5.95
2002-03	2.99	3.21	6.20
2003-04	2.94	3.45	6.39
2004-05	3.01	3.50	6.51



50 वर्षों से अधिक की अवधि के दौरान समुद्री उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया है। वर्तमान में, 369 से अधिक फ्रीजिंग यूनिटें हैं जिनकी दैनिक प्रसंस्करण क्षमता 10266 टन है जिसमें से 150 यूनिटें यूरोपीय संघ को निर्यात के लिए अनुमोदित हैं। 499 यूनिटें प्रशीतित मछली का उत्पादन करती हैं और उनकी कुल भण्डार क्षमता 1347647 टन है। इसके अलावा, 12 सुरमि यूनिटे, 5 डिब्बाबंदी यूनिटें और पूर्व प्रसंस्करण तथा सूखी हुई मछली के भण्डारण का काम करने वाली 473 यूनिटें हैं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय मछली प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना/प्रौद्योगिकी उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता देता है। वर्ष 2006-07 (दिसम्बर, 2006 तक) के दौरान 17 मछली प्रसंस्करण यूनिटों को वित्तीय सहायता दी गई है।

गत पाँच वर्षों के दौरान प्रसंस्कृत और निर्यातित समुद्री उत्पादों की मात्रा तथा इससे प्राप्त विदेशी मुद्रा निम्नलिखित हैं -

वर्ष	मात्रा (मीट्रिक टन)	मूल्य (करोड़ रू. में)
2000-01	440473	6444
2001-02	424470	5957
2002-03	467297	6881
2003-04	412017	6092
2004-05	461329	6647

वर्ष 2003-04 में भारतीय समुद्री खाद्य का निर्यात अनुमानित अनुसार नहीं हुआ। अमरीका, जापान और यूरोपियन यूनियन जैसे प्रमुख बाजारों की प्रतिकूल बाजार परिस्थितियों और सूनामी के कारण निर्यात में कमी का रूख बना रहा। वैसे वर्ष 2004-05 में समुद्री उत्पाद के निर्यात में मात्रा की दृष्टि से 12% रिकार्ड वृद्धि और अमरीकी डॉलर की वसूली में 11% की वृद्धि हुई। कुल निर्यात मूल्य में प्रशीतित श्रिम्प का अंशदान 63.5% है। अमरीका भारतीय समुद्री उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक है। कुल निर्यात मात्रा की दृष्टि से उसका अंशदान 13.21% और मूल्य की दृष्टि से 29.8% है। अमरीका मुख्यतः प्रशीतित श्रिंप-एचएल ब्लैक टाइगर श्रिम का आयात करता है।

6.6 खाद्यान्न प्रसंस्करण

खाद्यान्न प्रसंस्करण उद्योगों में चावल, गेहूँ, दालों की मिलिंग शामिल है। यूनिटें चालू करने से पहले उनकी स्थापना/आधुनिकीकरण/विस्तार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना स्कीम के अंतर्गत अनाज/चावल/दाल/आटा मिलिंग क्षेत्र में स्थापना/आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रश्न की संवीक्षा की गई है। यह महसूस किया गया कि जल्दी खराब होने वाली मदों के प्रसंस्करण और उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने को तरजीह दी जानी चाहिए ताकि इस क्षेत्र में बरबादी में कमी आए और मूल्यवर्धन को बढ़ावा मिले।

इस बात पर विचार करते हुए कि चावल/दाल/आटे का प्रसंस्कृत रूप में ही उपभोग किया जाता है और इन क्षेत्रों में प्राथमिक प्रसंस्करण से शेल्फ लाइफ, बरबादी पर नियंत्रण और मूल्यवर्धन में बहुत कम बढ़ोतरी होती है, यह निर्णय लिया गया है कि वित्तीय वर्ष 2004-05 से इस क्षेत्र यानी चावल, आटा और दाल मिलिंग के नए प्रस्तावों को स्वीकार नही किया जाए। वैसे राज्य नोडल एजेंसी के पास दिनांक 31.3.2004



Considerable infrastructure facilities for processing of marine products have been developed over a period of 50 years. At present, there are over 369 freezing units with a daily processing capacity of 10266 tons out of which 150 units are approved for export to EU. 499 units are engaged in production of frozen fish with a total storage capacity of 134767 tons. Apart from the above there are 12 surimi units, 5 canning units and 473 units are engaged in pre-processing and dry fish storage.

Ministry of Food Processing Industries extends financial assistance for setting up/ technology upgradation/ modernization of fish processing units. During the year 2006-07 (upto December 2006) 17 fish processing units have been assisted.

The quantum of marine products processed and exported and revenue thereof during the last 5 years is as follows:

Year	Quantity (MT)	Value (Rs. crore)
2000-01	440473	6444
2001-02	424470	5957
2002-03	467297	6881
2003-04	412017	6092
2004-05	461329	6647

Performance of Indian seafood exports in 2003-04 was not on the expected lines. There was a declining trend in exports due to the adverse market situation prevailing in the major markets like USA, Japan and European Union and due to Tsunami factor. However, in 2004-05, export of marine products achieved a record 12% increase in volume and 11% increase in US$ realisation. Frozen shrimps constitute 63.5% of total value of exports. USA is the largest importer of Indian marine products contributing 13.21% in quantity and 29.8% in value of total exports importing mainly frozen shrimps – HL Black tiger shrimps.

6.6 GRAIN PROCESSING

The grain processing industries include milling of rice, wheat and pulses. Financial assistance has been provided for setting up/modernization/expansion of the units before their commissioning. The question of providing financial assistance under the Plan Scheme for setting up/modernization in the grain/rice/pulses/flour milling sector has been reviewed. It was felt that priority should be given to processing and enhancing shelf life of perishable items so as to reduce wastage and encourage value addition in that sector.

Considering that rice/pulses/flour are consumed in the processed form only and primary processing in these sectors add little to shelf life, wastage control and value addition, it has been decided not to accept fresh proposal for these sectors viz, Rice, Flour & Pulse Milling from the financial year 2004-05. However complete and viable cases relating to rice mill, flour mills and Pulses received by SNA till 31.03.2004 subject to prescribed conditions are being considered on merit for assistance.

A Technical Committee has been constituted to review and make recommendation on benchmarks for latest and most efficient technology and processes and identification of minimum conditions to be laid down for assistance to rice/pulses/flour/oil sector. The Committee has submitted its report, which has been accepted by the Ministry. These are being incorporated in the guidelines for the financial institutions for providing assistance keeping in view the value additions and technological benchmarks.



तक प्राप्त चावल मिल, आटा मिल और दाल संबंधी पूर्ण और व्यवहार्य मामलों पर निर्धारित शर्तों के अधीन सहायता के लिए प्राथमिकता आधार पर विचार किया जा रहा है ।

एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है जो समीक्षा करेगी तथा अधुनातम तथा सर्वाधिक कारगर प्रौद्योगिकी और प्रसंस्करण हेतु बेंचमार्कों पर अपनी संस्तुतियाँ देगी तथा चावल/दाल/आटा/तेल सेक्टर की सहायता देने के लिए निर्धारित न्यूनतम शर्तों की पहचान करेगी इस समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और उसे मंत्रालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है । मूल्यवर्धन और प्रौद्योगिकी बेंचमार्कों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय संस्थानों को सहायता देने संबंधी मार्गनिर्देशों में इन्हें शामिल किया जा रहा है ।

वर्ष 2006-07 (दिसंबर, 2006 तक) के दौरान मंत्रालय ने 32 चावल मिलिंग, 23 आटा मिलिंग, 62 खाद्य तेल मिलिंग और दाल मिलिंग क्षेत्र के 13 प्रस्तावों को वित्तीय सहायता दी है ।

6.7 उपभोक्ता खाद्य उद्योग

उपभोक्ता खाद्य उद्योग में पास्ता, ब्रेड केक, पेस्ट्री, रस्क, बन, रोल, नूडल्स, कोर्न फ्लैक्स, राइस फ्लैक्स, खाने के लिए तैयार उत्पाद पकाने के लिए तैयार उत्पाद शामिल हैं । उपभोक्ता खाद्यों में डबलरोटी और बिस्कुट का सबसे बड़ा हिस्सा है । इनका उत्पादन करीब 4.00 मिलियन टन प्रति वर्ष है । डबलरोटी का उत्पादन लघु क्षेत्र के लिए आरक्षित है । कुल डबलरोटी के उत्पादन में से 40% संगठित क्षेत्र में और शेष 60% असंगठित क्षेत्र में तैयार की जाती है । इसी प्रकार संगठित क्षेत्र में बिस्कुट का उत्पादन लगभग 80% और असंगठित क्षेत्र में लगभग 20% बिस्कुट तैयार किए जाते हैं ।

वर्ष 2006-07 (जनवरी, 2007 तक) के दौरान 75 उपभोक्ता उद्योग से जुड़े 75 खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वित्तीय सहायता मंजूर की है और 16.34 करोड़ रुपये की धनराशि अब तक जारी की है ।

6.8 वातित शीतल पेय

पैक की हुई चाय और पैक किए हुए बिस्कुटों के बाद पैक किए शीतल पेय खाद्य वस्तुओं में तीसरा स्थान रखते हैं । भारत में सभी राज्यों में वातित शीतल पेय उद्योग के 100 से अधिक संयंत्र हैं । यह उद्योग 1,25,000 कर्मचारियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता है । यह देश में सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने वाले उद्योगों में से एक है। इसका ग्लास, प्लास्टिक, रेफ्रिजरेशन, चीनी और परिवहन उद्योग में सुदृढ़ फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज है । प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 01.01.2006 को मीठे/वातित जल की स्थापित क्षमता 29.60 लाख टन सालाना है ।

6.9 पैक किया हुआ पेय जल

218 कंपनियाँ हैं जिन्हें पैक किया पेय जल और पैक किया प्राकृतिक खनिज जल तैयार करने के लिए लाइसेंस दिए गए हैं। पिछले 3-4 सालों में इसमें काफी विकास हुआ है जिसका प्रमुख कारण पैक के ऐसे विभिन्न आकार हैं जो उपभोक्ताओं की जरूरतों के हिसाब से उपयुक्त हैं । 80% पैक किए हुए जल की बिक्री बड़े कंटेनरों (5 लीटर और उससे अधिक के) में होती है ।

6.10 अल्कोहलयुक्त पेय

भारत विश्व में अल्कोहलयुक्त पेयों का तृतीय सबसे बड़ा बाजार है । अनुमान है कि स्पिरिट और बीयर की मांग लगभग 373 मिलियन केस हैं । खाद्यान्न आधारित अल्कोहलयुक्त पेयों के उत्पादन के लिए सालाना 33919 किलोलीटर की लाइसेंसशुदा क्षमता वाली 12 संयुक्त उद्यम कंपनियां हैं । भारत सरकार से प्राप्त लाइसेंसों के अंतर्गत 56 यूनिटें बीयर का निर्माण कर रही हैं । वाइन उद्योग भारत में कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र में मूल्यवर्धन और रोजगार सृजन के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराता है । यह मंत्रालय विंचूर (नासिक) में एक वाइन पार्क की स्थापना के वास्ते पहले ही मंजूरी दे चुका है ।

6.11 बैकवर्ड लिंकेज

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ठेका खेती को बढ़ावा देने के लिए बैकवर्ड लिंकेज को सुदृढ़ करने संबंधी एक स्कीम चला रहा है । इसके उद्देश्य हैं (i) प्रसंस्करणकर्ता को कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना (ii) मजबूरन बिक्री करने की घटनाओं को रोकना और किसानों को लाभकारी कीमतें सुनिश्चित करना (iii) प्रसंस्करण योग्य उपज की खेती को बढ़ावा देना (iv) अधिशेष खेत उपज की बरबादी को रोकना और प्रसंस्करण के माध्यम से उसकी शेल्फ लाइफ को बढ़ाना और (v) ठेका खेती के माध्यम से कृषि का व्यापारीकरण करना ।

विगत वर्षों में इस स्कीम को क्रमिक आधार पर उदार और ज्यादा आकर्षक बनाया गया है । एक वर्ष में अधिकतम 10.00 लाख रू. प्रतिवर्ष की शर्त के अध्यधीन प्रसंस्करणकर्ताओं को उसके द्वारा ठेका किसानों से की गई कुल खरीद के 10% तक वित्तीय सहायता दी जाती है । वर्ष 2006-07 के दौरान 29 यूनिटों को 52.06 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है और 2364 किसानों ने ठेका खेती के अंतर्गत भाग लिया ।

6.12 निर्यात

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय नए यूनिटों की स्थापना और वर्तमान यूनिटों के आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराके अपनी विभिन्न नीतिगत पहल और योजना स्कीमों के माध्यम से कृषि- खाद्य उत्पादों के लिए नई प्रसंस्करण क्षमताओं को प्रोत्साहित कर रहा है । मंत्रालय इस तथ्य के प्रति सचेत है कि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्माण संबंधी विपुल संभावनाओं का उपयोग न केवल घरेलू मांग को पूरा करने के लिए किया जाना चाहिए बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध निर्यात संभावनाओं का भी लाभ उठाया जाना चाहिए । गत पांच वर्षों में किए गए प्रसंस्कृत खाद्य मदों का निर्यात नीचे दिया गया है -

During 2006-07 (upto December 2006), the Ministry has sanctioned financial assistance for 32 rice milling, 13 flour milling 62 edible oil milling and 13 pulse milling units.

6.7 CONSUMER FOOD INDUSTRIES

Consumer Food Industry includes pasta, breads, cakes, pastries, rusks, buns, rolls, noodles, corn flakes, rice flakes, ready to eat and ready to cook products, biscuits etc. Bread and biscuits constitute the largest segment of consumer foods. Their production is about 4.00 million tons per year. Manufacturing of bread is reserved for SSI sector. Out of the total production of bread, 40% is produced in the organized sector and the remaining 60% in the unorganized sector. Similarly, production of biscuits in the organized sector is about 80% and quantity of biscuits produced in the unorganized sector is about 20%.

During the year 2006-07 (upto January, 2007) 75 food-processing units relating to consumer industries were sanctioned financial assistance by MFPI and Rs.16.34 crore has been released so far.

6.8 AERATED SOFT DRINK

The soft drinks constitute the 3rd largest packaged food regularly consumed after packed tea and packed biscuits. The aerated soft drinks industry in India comprises over 100 plants across all States. It provides direct and indirect industry related employment to over 125,000 employees. It has attracted one of the highest foreign direct investments in the country. It has strong forward and backward linkages with glass, plastic, refrigeration, sugar and transportation industry. Installed capacity of sweetened/aerated water as on 01.01.2006 is reported to be 29.60 lakh tons, per annum.

6.9 PACKAGED DRINKING WATER

There are 218 companies, which have been granted licence for manufacturing packaged drinking water and packaged natural mineral water. There has been a spurt in growth for the last 3-4 years, which can largely be attributed to a range of various packaged sizes to suit the consumers. 80% of the packaged water sale comes from the bulk containers (5 litres and above).

6.10 ALCOHOLIC BEVERAGES

